Sixteenth Loksabha

>

Title: The Speaker made reference to the passing away of Shri Kunji Lal, a member of 10th Lok Sabha.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को हमारे पूर्व साथी श्री कुंजीलाल के दु:खद निधन के बारे में सूचित करना है। श्री कुंजीलाल राजस्थान के सवाई माधोपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से दसवीं लोकसभा के सदस्य थे। इससे पूर्व, श्री कुंजीलाल चार कार्यकाल के लिए राजस्थान विधान सभा के सदस्य भी रहे। श्री कुंजीलाल का निधन 82 वर्ष की आयु में राजस्थान के सवाई माधोपुर में 07 जनवरी, 2019 को हुआ। हम अपने पूर्व सहयोगी के निधन पर गहन शोक व्यक्त करते हैं। यह सभा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करती है।

अब यह सभा दिवंगत आत्मा के सम्मान में कुछ देर मौन रहेगी।

11 01 hrs

The Members then stood in silence for a short while.

माननीय अध्यक्ष : ओम शांतिः शांति:।

श्री धर्मेन्द्र यादव (बदायूँ): माननीय अध्यक्ष जी, कल प्रयागराज में मेरे साथ, मेरे साथी सांसद …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैं आपको प्रश्नकाल के बाद बोलने के लिए समय दूंगी।

…(व्यवधान)

श्री धर्मेन्द्र यादव: अध्यक्ष जी, प्रश्नकाल अलग बात है।…(व्यवधान)

HON. SPEAKER: After Question Hour please.

…(*Interruptions*)

श्री धर्मेन्द्र यादव: आपके संरक्षण में सांसद पिट रहे हैं, खुले आम पिट रहे हैं।...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Yes, I can understand.

… (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : आप प्रश्नकाल के बाद अपना विषय पूरी तरह से उठा लें। आप विषय ऐसे उठाएं कि वह रिकॉर्ड में जाए। आपको बोलने के लिए समय दे दूंगी।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप प्रश्नकाल के बाद बोलेंगे तो वह रिकॉर्ड में जाएगा। मैं आपको बोलने के लिए पूरा समय दूंगी।

…(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Question no. 141 – Shri Nishikant Dubey.

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप ऐसा नहीं करें, मैं आपको समय दे दूंगी।

…(व्यवधान)

11 03hrs

At this stage Shri Kalyan Banerjee, Shri Dharmendra Yadav, Shri Kodikunnil Suresh and some other hon. Members came and stood on the

floor near the Table.

11 03 ½ hrs

ORAL ANSWER TO QUESTION

HON. SPEAKER : Question No.141.

-

(Q.141)

श्री निशिकान्त दुबे : अध्यक्ष महोदया, मैं जिस इलाके से आता हूं, वह इलाका बहुत पिछड़ा है।...(व्यवधान) नक्सलाइट एरिया होने के कारण टेलीकॉम टावर की बहुत परेशानी है ।...(व्यवधान) माननीय मोदी जी की सरकार ने यूएसएफओ फंड से ग्रामीण क्षेत्रों में टेलीकॉम टावर लगाने का काम जो यूपीए सरकार के कारण वर्ष 2011-12 में रुका हुआ था, उसको उन्होंने वर्ष 2014 में शुरू किया ।...(व्यवधान) लेकिन आज भी स्थिति उसी तरह की है ।...(व्यवधान)

11 04 hrs

At this stage, Shri Gurjeet Singh Aujla and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

मैं आपके माध्यम से पूछना चाहता हूं कि एलडब्ल्यूई, जो हमारा इलाका है, उसमें फेज-टू का टावर लगाने के लिए इस हाउस में माननीय मंत्री जी ने सितम्बर, 2016 में आश्वासन दिया और उसके लिए एक कमेटी बनाई ।...(व्यवधान) वह कैबिनेट से पास भी हो गया ।...(व्यवधान) तीन साल हो गए ।...(व्यवधान) मैं आपको बताऊं कि माननीय मंत्री जी ने एक हाई पावर्ड कमेटी बनाई थी, जिसने यह बताया । उस हाई पावर्ड कमेटी का सितम्बर, 2018 का डिसिजन है कि यदि बीएसएनएल उस टावर को बनाएगी तो उसमें केवल 3,869 करोड़ रुपये लगेंगे।...(व्यवधान) अगर वह प्राइवेट सेक्टर से लगाना चाहते हैं तो उसमें 7,330 करोड़ रुपये लगेंगे, लेकिन टेलीकॉम के अधिकारियों के कारण, तीन सालों से वह प्रोजैक्ट रुका हुआ है और एलडब्ल्यूई डिस्ट्रिक्ट में जो नहीं लगा हुआ है, उसके पीछे क्या रीजन है और मंत्री जी ने उसके ऊपर आज तक क्या कार्रवाई की है ?...(व्यवधान)

श्री मनोज सिन्हा : अध्यक्ष महोदया, एलडब्ल्यूई फेज-वन का जो काम था, 12 स्थानों को छोड़कर बाकी सभी टावर्स बीएसएनएल ने लगाए थे ।...(व्यवधान) बीच में माननीय गृहमंत्री जी की अध्यक्षता में सभी माननीय मुख्यमंत्रियों की बैठक हुई थी, जो एलडब्ल्यूई राज्यों से आते हैं ।...(व्यवधान) सभी मुख्यमंत्रियों ने एक स्वर से यह बात कही थी कि आज के युग में केवल वॉयस ही नहीं बल्कि डेटा की भी जरूरत है ।...(व्यवधान) इसलिए विभाग ने यह फैसला किया कि मैम्बर टेक्नोलॉजी के अधीन एक समिति बनाई जाए, जो तय करे कि किस टेक्नोलॉजी का

प्रयोग किया जाए ।...(व्यवधान) इसके कारण जो समिति थी, उसने फैसला किया कि 2G प्लस 4G, यह स्पेसिफिकेशन होगा।...(व्यवधान) कैबिनेट ने धन की स्वीकृति कर दी है।...(व्यवधान)

11 05 hrs

At this stage Shri M. Venkateswara Rao came and stood on the floor near the Table.

अब राज्य सरकार एक बार आइडेंटीफाई करके दे दे।...(व्यवधान) हमारा टेंडर प्रक्रिया में है, इसलिए उस काम को हम करेंगे। मैं समझता हूं कि इसमें कोई लापरवाही या गड़बड़ी विभाग द्वारा नहीं हुई है।...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 12 o'clock.

11 06 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Twelve of the Clock.

12 00 hrs

The Lok Sabha reassembled at Twelve of the Clock.

(Hon. Speaker *in the Chair*)